Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

**विशेष आम सभा**
**तिथि: 15/09/2023**
**समय: 10.30 AM**
**स्थान: 45/C, पाटलिपुत्रा कालोनी, पटना (बीसीए कार्यालय)**
**उपस्थिति: रजिस्टर के अनुसार।**

आसान के निर्देश पर बीसीए के सी ई ओ ने विशेष आम सभा के एक मात्र एजेंडा के अनुरूप तीन पदों पर हुए हुए चुनाव के संबंध में बीसीए के नियुक्त चुनाव पदाधिकारी डा एम मुदस्सिर के हस्ताक्षरित चुनाव प्रक्रिया तथा निर्वाचित पदाधिकारियों के प्रतिवेदन/प्रमाण पत्र को पढ़ कर सुनाया, जिसके अनुसार बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के रिक्त सचिव पद के लिए हुए चुनाव में ज़ियाउल आरफीन के एक मात्र नामांकन को वैध पाया गया एवं चुनाव पदाधिकारी द्वारा उन्हे निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।
बीसीएल गवर्निंग काउंसिल के दो रिक्त पदों- चेयरमैन एवं सदस्य (कन्वेनर) के पदों के विरुद्ध क्रमश: श्री संजय कुमार सिंह एवं श्री ज्ञानेश्वर गौतम के नामांकन पत्रों को विधिसम्मत वैध पाया गया, चूंकि, चेयरमैन-श्री संजय कुमार सिंह, सदस्य(कन्वेनर)-श्री ज्ञानेश्वर गौतम संबन्धित पदों के लिए एक मात्र उम्मीदवार थे, अत: बीसीएल गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन पद पर श्री संजय कुमार सिंह तथा सदस्य(कन्वेनर) पद पर श्री ज्ञानेश्वर गौतम को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।
इस संदर्भ मे आसन ने सदस्यों का ध्यान कुछ लोगों द्वारा बीसीए के चुनाव को विवादित करने के प्रयासों की तरफ आकृष्ट किया। सदस्यों ने सर्वसम्मति से इस संबंध मे आवश्यक विधिक परामर्श लेने तथा लीगल कमिटी का भी मन्तव्य प्रपट करने हेतु अध्यक्ष को अधिकृत करने का निर्णय लिया।
तीनों हीं लोगों के निर्विरोध निर्वाचित घोषणा के बाद आसन ने सदस्यों के करतल ध्वनि के बीच उन्हे सदन में आमंत्रित किया तथा प्रमाण पत्र सौपने एवं बधाई देने की औपचारिकता निभाई गई।
आसन ने कोई अन्य एजेंडा नहीं होने की स्थिति में विशेष आम सभा की बैठक के समापन तथा वार्षिक आम सभा आहुत होने की घोषणा की।

Rakesh Kumar Tiwary

राकेश कुमार तिवारी
अध्यक्ष
विहार क्रिकेट एसोसिएशन
विहार, पटना